Seventeenth Loksabha

an>

12.09 hrs

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाए। मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि व्यक्तिगत रूप से अपने विषय सभा पटल पर रखने की इजाजत दी जाती है।

Title: Regarding Construction of 'Ram Gaman Marg' from Ayodhya to Chitrakoot- Laid.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): एन.एच. खंड प्रयागराज द्वारा अयोध्या से चित्रकूट धाम तक राम वनगमन मार्ग (फोर लाइन) का प्रस्ताव स्वीकृत है। उक्त मार्ग अयोध्या से श्रंगवेरपुर, मंझनपुर (कौशांबी) होते हुये चित्रकूट धाम (उ.प्र.) जहां भगवान श्रीराम 12 वर्षों तक वनवासी के जीवन व्यतीत किए है, जहां लाखों की संख्या पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आवागमन रहता है| मा. प्रधानमंत्री एवं मा. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री द्वारा श्री राम वनगमन मार्ग बनाने शिलान्यास किया जा चुका है| किन्तु श्री राम वनगमन मार्ग (फोर लाइन) का निर्माण अभी तक प्रारम्भ नहीं कराया गया है|

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि अयोध्या से श्रंगवेरपुर, मंझनपुर (कौशांबी) होते हुये श्रीराम जी तपोस्थली चित्रकूट (उ.प्र.) तक राम वनगमन मार्ग का निर्माण जल्द से जल्द चालू कराने का कष्ट करें|